TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


जयंती विशेष
19 जुलाई 2026
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना
ही सच्ची देशभक्ति है।
मंगल पांडे
(क्रांतिकारी)
जन्म : 19 जुलाई 1827 मृत्यु : 08 अप्रैल 1857
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **19.07.2026**

## आलोचनात्मक चिंतन

आलोचनात्मक चिंतन वह मानसिक प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति किसी तथ्य, विचार, समस्या या सूचना का तर्क, प्रमाण और विश्लेषण के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन करता है तथा उचित निर्णय पर पहुँचता है।सरल शब्दों में किसी भी बात को बिना सोचे-समझे स्वीकार न करके, उसके पक्ष-विपक्ष पर विचार करना और तर्क के आधार पर सही निष्कर्ष निकालना ही आलोचनात्मक चिंतन है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार **तारक मेहता का उल्टा चश्मा** के मुख्य किरदार जेठालाल उर्फ दिलीप जोशी शो से जल्द **अलविदा** कहने वाले हैं। शो के मेकर्स अब दूसरे परिवार का **स्क्रीनटाइम** बढ़ाने वाले हैं।

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया



# विश्व मानवीय दिवस
## (World Humanitarian Day)

**19 जुलाई**

विश्व मानवीय दिवस हर वर्ष 19 जुलाई को उन मानवीय कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को समर्पित है, जो दुनिया भर में संकट, आपदा, संषर्ष और कठिन परिस्थितियों में मानवता की सेवा करते हैं। यह दिन उनकी बहादुरी, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को सम्मानित करने का प्रतीक हैं।

### इतिहास

- वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र महाइभा ने 19 अगस्त को विश्व मानवीय दिवस के रूप में घोषित किया या।
- यह दिन 19 अगस्त 2003 को इराक के बगदाद में संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि सरजियो विएरा डी मेलो सहित 22 मानवीय कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या की याद में मनाया जाता हैं।
- वर्ष 2016 से इस दिन को 19 जुलाई को मनाया जाने लगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस दिन को स्मरण कर सकें।

### उद्देश्य

- मानवीय कार्यकर्ताओं के साहस, समर्पण और बलिदान को सम्मान देना।
- मानवीय संकटों के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- अधिक से अधिक लोगों को मानवीय सेवा और सहायता कार्य से प्रेरित करना।
- मानवता, करूणा, सहयोग और शांति के मूल्यों को प्रोत्साहित करना।

### मानवीय कार्यकर्ता कौन हैं?

मानवीय कार्यकर्ता वे लोग हैं जो युद्ध, माकृविक आपदा, महामारी, अकाल, विस्थापन आदि कठिन परिस्थितियों में लोगों की सहायता के लिए कार्य करते हैं। इनमें शामिह हैं – डॉक्टर, नर्सें, राहतकर्मी, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, संयुक्त राष्ट्र और एनजीओ के सदस्य आदि।

### मानवता का संदेश

"जब भी कोई व्यक्ति किसी पीड़ित की सहायता करता हैं,
वह पूरी मानवता की सेवा करता है।
मानवता ही हमारी बबसे बड़ी पहचान है।"

**आइए, हम सभी मानवता की सेवा, सहयोग और करूणा के मूल्यों को अपनाएं और एक बेहतर, शांतिपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण समाज का निर्माण करें।**

# Teacher's of Bihar
## The change makers

जुलाई 19

# 19 जुलाई
## का इतिहास, जन्म और निधन

### 19 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1995** • रूस एवं चेचेन्या के बीच रूसी महासंघ में ही 'समप्रभु गणराज्य' का दर्जा देने संवंधी समझौता सम्पन्न।
- **2001** • नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफा दिया। अफ़्गानिस्तिन, नाख़ुन पालिश और शतरंज सहित 30 वत्तत्तुओं के आयात पर प्रतिवंध लगाया गया।
- **2003** • रूस के अंतरिक्ष यात्री पुदी माले धान्को अंतरिक्ष में शादी रचाने वाले पहले व्यक्ति बने।
- **2004** • दुनिया के सबसे बड़े दूरसंचार उपग्रह को लेकर एरियन-5 रॉकेट फ्रेंच गुयाना के कोरू प्रक्षेपण केन्द्र से रवाना हुआ।
- **2005** • प्रधान्मंत्री मनमोहन सिंह ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधिय किया।
- **2006** • लेबनान में इस्रायली हमले में 3 भारतीयों सहित 55 लोग मारे गए।
- **2007** • इराक में अमेरिकी सैनिक मैरिन कॉरपोरल ट्रेट थॉमस को 11 विकलांग बच्चों की हत्या का दोषी करार दिया गया।
- **2008** • अमेरिका ने प्रशांत महासागर में लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

Madhu priya

### 19 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- **1827** • मंगल पांडे – भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी।
- **1894** • ख्वाजा नजीमुद्दीन – बंगाल के प्रमुख मुस्लिम नेताथों में से एक।
- **1900** • खुबचंद बघेल – स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार एवं छत्तीसगढ़ आंदोलन के नेता।
- **1909** • नालापत बालमणिं अम्मा – मलयालम भाषा की प्रसिद्ध कवयित्री।
- **1925** • दिनेश सिंह – भारतीय राजनीतिज्ञ एवं कई बार लोकसभा सदस्य।
- **1938** • जयंत विष्णु नालीकर – प्रसिद्ध भारतीय भौतिक बैज्ञानिक।
- **1948** • अल्तमस कबीर – भारत के 39वें मुख्य न्यायाधीश।
- **1948** • राधाबिनोद कोइज़म – मणिपुर के पूर्व मुख्ययंत्री।
- **1966** • जिया मोदी – भारतीय कानूनी सलाहकार।

### 19 जुलाई को हुए निधन

- **1963** • एनी मसकेरिनी – संविधान सभा की सदस्य।
- **1988** • राजीव संधू – महावीर चक से सम्मानित भारतीय सैन्य अभिकारी।
- **2018** • गोपालदास नीरज – प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार, कवि एवं गीतकार।

"इतिहास हमें प्रेरणा देता है, घटनाएं हमें सीख देती हैं और व्यक्ति हमें आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं।"

# TOB खेल कॉर्नर

## ICC वनडे ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमतुल्लाह उमरजई | अफगानिस्तान | 316 |
| 2 | मेहदी हसन मिराज | बांग्लादेश | 260 |
| 3 | मोहम्मद नबी | अफगानिस्तान | 258 |
| 4 | सिकंदर रजा | ज़िम्बाब्वे | 258 |
| 5 | माइकल ब्रेसवेल | न्यूजीलैंड | 237 |
| 6 | मिचेल सैंटनर | न्यूजीलैंड | 231 |
| 7 | ब्रैंडन मकैमुलन | स्कॉटलैंड | 228 |
| 8 | राशिद खान | अफगानिस्तान | 220 |
| 9 | अक्षर पटेल | भारत | 213 |
| 10 | वानिंदु हसरंगा | श्रीलंका | 205 |

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

★ भारत माँ के वीर सपूत को ★

सादर नमन!

महान क्रांतिकारी

# मंगल पांडे

की जयंती पर

## शत्-शत् नमन



**जयंती : 19 जुलाई**

मंगल पांडे 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे। 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में अंग्रेजों के **अत्याचारों के विरोध** में उन्होंने विद्रोह का शंखनाद किया। उनका यह साहसिक कदम ही भारत की आज़ादी की पहली चिंगारी बनी। उनका बलिदान हमेशा हमें स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता रहेगा।

“ देश की आज़ादी के लिए **उनका बलिदान अमर है।** ”

हम उनका **बलिदान** कभी नहीं भूलेंगे।



★ देशभक्ति ★ साहस ★ बलिदान ★ स्वाभिमान ★ स्वतंत्रता

“ मंगल पांडे का जीवन हम सभी को यह संदेश देता है कि **अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना ही सच्चा देशभक्ति है।** ”

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार